
## एक नजर में

### न.पा. महापुरुषों के प्रति सम्मान और स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध : रमादेवी गुर्जर



**मंदसौर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संयुक्त माली समाज मंदसौर द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 जयंती 11 अप्रैल 2026 शनिवार प्रातः 10.30 पर गोल चौराहा पुरानी कृषि उपज मंडी शॉपिंग कांप्लेक्स में स्थापित महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा स्थल पर बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों एवं आत्मनिर्भर मातृशक्ति को सम्मानित किया जाएगा। महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई सौंदर्यीकरण और सम्मानजनक व्यवस्था करने हेतु माली समाज का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदीप भाटी के नेतृत्व में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर से मिला। प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने कहा कि शहर के ऐतिहासिक स्थलों और प्रतिमाओं के आसपास साफ सफाई और स्वच्छता मेरी पहली प्राथमिकता और महापुरुषों के प्रति सम्मान भी है इसके लिए आपने तत्काल विशेष कर्मचारियों की निर्देशित कर कार्य सौंपा। इस प्रतिनिधि मंडल में प्रदीप भाटी के साथ-साथ श्री मोहनलाल गहलोत बसेर कॉलोनी, कोषाध्यक्ष मुकेश गहलोत, प्रीतमसिह मारोठिया, महेंद्र भाटी, पूर्व पार्षद गुड्डू गढ़वाल, जितेंद्र भाटी, शहर माली चौक अध्यक्ष शिवप्रकाश रावलिया, बद्रीलाल चौहान, राकेश भाटी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व चोकरा अध्यक्ष श्री नंदराम उनियारा, घीसालाल गहलोत, लक्ष्मीनारायण गहलोत, निरंजन चंदेल, दिनेश रावल, दीपक पटेल, गोपाल कनवासिया, शेषनारायण माली, रमेशचंद्र लिलोरीया, सत्यनारायण रावल, उंकारलाल माली, बंटी माली, चंपालाल माली, राजेश सैनी आदि ने माली समाज के गणमान्य लोगों से आग्रह किया है कि समय पर पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### पीएम स्वनिधी योजना का लाभ प्राप्त करें : गुर्जर

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वरनिधि योजना अंतर्गत 15000 रूपये का आसान ऋण दिया जा रहा है नगर पालिका की एनयुएलएम शाखा में संपर्क कर कोई भी पात्र हितग्राही एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर पर पहुंचकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है । मंदसौर नगर में जो सड़क किनारे बैठकर यां हाथ ठेला पर व्यवसाय करते हैं उनके लिए यह योजना केंद्र की नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने प्रारंभ की है पथ विक्रेता (स्ट्रीट वेंडर) को इस योजना में ऋण लेने पर शासन के नियमों के अनुसार ब्याज पर सब्सिडी भी दी जा रही है जो भी पात्र हितग्राही पहले चरण में ऋण प्राप्त कर उनका समय सीमा में जमा करेंगे उन्हें द्वितीय व तृतीय चरण में क्रमशः 25000 व 50000 का आसान ऋण भी मिलेगा ! मंदसौर नगर के पात्र हितग्राहियों से नगर पालिका परिषद् आग्रह करती है कि वह इस योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन करें।

# विद्यार्थियों ने कला में उकेरे जल संकट के समाधान

**मन्दसौर। प्रकृति को संवारने और भावी पीढ़ी को जल संकट से बचाने के संकल्प के साथ %सार्थक सोशल वेलफेयर सोसाइटी% द्वारा %जल गंगा संवर्धन अभियान% के तहत एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन ने उस समय एक जन-आंदोलन का रूप ले लिया जब शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, प्रशासन और विद्यालयों ने एक सुर में जल संरक्षण का आह्वान किया।**

**प्रमुख संगठनों का मिला साथ**-इस आयोजन में नगर के अनेक प्रतिष्ठित संगठनों ने सहभागिता कर सामाजिक एकता का परिचय दिया। विशेष रूप से अखिल भारतीय हिंदी साहित्य परिषद् एवं दशपुर जागृति संगठन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन संस्थाओं के पदाधिकारियों की उपस्थिति ने अभियान को और अधिक मजबूती प्रदान की।

**गांधी चौराहे पर ऐतिहासिक मानव श्रृंखला**-इस आयोजन में शहर के 15 प्रमुख विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला और कल्पना के माध्यम से जल संरक्षण के संदेश को कैनवास पर उकेरा। छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रांकन के माध्यम से बनाई इन कलाकृतियों में जल की एक-एक बूंद को बचाने की तड़प और %रूफ वाटर हार्वेस्टिंग% जैसे समाधानों का अद्भुत संगम देखने को मिला। बच्चों की इस रचनात्मकता ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नारों से गूंजा शहर का हृदय स्थल चित्रांकन के पश्चात एक विशाल जन-जागरूकता रैली निकाली गई। हाथों में जल बचाने की तख्तियां लिए सैकड़ों छात्र-छात्राएं, सार्थक के सदस्य और शहर के जागरूक नागरिक जब नारों के साथ शहर के हृदय स्थल गांधी चौराहे पर पहुंचे, तो वहाँ का दृश्य ऐतिहासिक था। यहाँ एक विशाल %मानव श्रृंखला% बनाई गई, जिसका एकमात्र उद्देश्य लोगों को जल की बूंद-बूंद बचाने के लिए जागरूक करना था। इस दौरान शहरवासियों से रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया गया।

**बढ़ता कारवां**-संस्था के समर्पण को देख आयोजन के दौरान ही पाँच प्रबुद्ध नागरिकों ने %सार्थक% की सदस्यता ग्रहण की। डॉ. उर्मिला तोमर ने जिला प्रशासन, नगर पालिका, सहभागी संगठनों, स्कूलों और नगरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

**मिट्टी के सकोरे- जीव दया का पारंपरिक संदेश**

रैली के समापन पर सहभागी बच्चों को मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए। प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण और जीव दया का संदेश देते हुए संस्था की अध्यक्ष डॉ. उर्मिला तोमर ने कहा- मिट्टी का एक छोटा सा सकोरा सैकड़ों बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझा सकता है। प्रकृति के प्रति हमारी यह संवेदनशीलता ही सुरक्षित भविष्य की नींव है।

**प्रशासनिक गौरव और भविष्य का साझा संकल्प**

इस विशाल जन-जागरूकता रैली का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ष्टश्वह्र), जिला पंचायत, श्री अनुकूल जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर श्री जैन ने सार्थक संस्था के रचनात्मक प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि- सार्थक द्वारा जमीनी स्तर पर किया जा रहा कार्य अत्यंत प्रेरणादायी है। प्रशासन भविष्य में सार्थक के साथ मिलकर इस प्रकार के और भी विशाल आयोजन करेगा ताकि पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के संदेश को घर-घर तक पहुँचाया जा सके।
कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद का भी सराहनीय सहयोग रहा।

## शासकीय भूमि पर मालिक होने का दावा करने वाले का दावा न्यायालय ने किया खारिज

**मन्दसौर। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर उसे अपने स्वामित्व एवं कब्जे की होना बताकर न्यायालय में दावा प्रस्तुत करने पर माननीय न्यायालय सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मंदसौर (प्राची पाण्डेय माटा) द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुये वादी का दावा खारिज कर दिया।**

शासकीय अभिभाषक श्री भगवतीलाल शर्मा द्वारा जानकारी दी गई की ग्राम सेमली तह. व जिला मंदसौर में भूमि सर्वे नंबर 449, 450 स्थित है, उक्त भूमि म.प्र. शासन के स्वामित्व की है, तथा उक्त भूमि के संबंध में दिनांक 02.12.2020 को तत्कालीन कलेक्टर श्री मनोज पुष्प द्वारा आदेश पारित करते हुए सर्वे नंबर 449 रकबा 0.627 हे. भूमि मुस्लिम समुदाय के मृतकों को दफनाने हेतु म.प्र. भू.रा.सं. की धारा 237 के तहत् कब्रिस्तान के रूप में आरक्षित करने हेतु दी गई थी। तथा भूमि सर्वे नंबर 450/1 रकबा 2.662 हे. में से रकबा 1.300 हे. भूमि शमशान हेतु आरक्षित की गई थी। उक्त भूमियों के संबंध में ग्राम सेमली के इब्राहीम पिता जामा अजमेरी द्वारा न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया कि उक्त भूमियों पर उसका व उसकी माता का कब्जा रहा है, तथा वह उक्त भूमियो का विरोधी आधिपत्य के आधार पर मालिक हो गया है। तथा उसका कब्जा है इस कारण उसके आधिपत्य में शासन हस्तक्षेप नहीं करें एवं वह स्वयं इन शासकीय भूमियों का मालिक बन गया है। इस कारण उसने न्यायालय में दावा पेश कर मालिक होने तथा शासन के विरूद्ध स्टे दिये जाने की मांग की गई है। उक्त मामले में म.प्र. शासन की ओर से तत्कालीन कलेक्टर महोदय द्वारा अपनी और से न्यायालय में कार्यवाही हेतु तहसीलदार मंदसौर को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया। तहसीलदार मंदसौर द्वारा प्रभावी रूप से न्यायालय में जवाब प्रस्तुत किया गया तथा बताया गया की वादी को अनेको बार उपरोक्त भूमि से बेदखल कर उसे अर्थदण्ड से दण्डित कर हर्जाना वसूल किया गया है। न्यायालय में तहसीलदार श्रीमती सौनिका सिंह एवं मोजा पटवारी श्री शैलेन्द्र गोयल के प्रभावी रूप से बयान कराये गये।




## जिले में उपार्जन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी प्रारंभ की

**मंदसौर।** जिला आपूर्ति अधिकारी मंदसौर ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की नीति के अनुरूप, रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मंदसौर जिले में कुल 72 उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 9 अप्रैल 2026 से विधिवत प्रारंभ कर दी गई है ।

सबसे पहले आने वाले किसानों का शॉल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस वर्ष महिला सशक?तीकरण के उद्देश?य से जिले में 06 महिला स?व सहायता समूह के द्वारा खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को 40 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस भी दिया जाएगा।

**किसानों से अपील**-किसान अपनी उपज को अच्छी तरह सुखाकर (ग्चक्तमापदंड अनुसार) उपार्जन केंद्र पर लाएं। उपज विक्रय के बाद उपार्जन केंद्र से तौल पर्ची और पावती अवश्य प्राप्त करें। बैंक खाता आधार से लिंक होना अनिवार्य है, ताकि भुगतान सीधे खाते में निर्धारित समय में किया जा सके। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा सभी किसानों से अपील की जाती हैं कि वे अपने स्लॉट बुकिंग के अनुसार ही उपार्जन केंद्र पर आएं और उपार्जन प्रक्रिया में सहयोग करें।

**एक नजर** जल गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण में बावड़ी पर ध्यान योग किया

## ऐतिहासिक सात सहेली की बावड़ी पर ध्यान योग किया

**मंदसौर। जल गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण मे कोर्ट परिषद के पास स्थित मंदसौर की ऐतिहासिक सात सहेली वाली बावड़ी पर बैठक का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम में जनअभियान परिषद की जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी, ब्लॉक सामान्यक अर्चना भट्ट, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला की उपस्थिति में हुई कार्यक्रम जन अभियान परिषद से चयनित नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था के द्वारा आयोजन किया गया सर्वप्रथम ऐतिहासिक बावड़ी पर ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया इसके पश्चात आगे की कार्य योजना बनाई कहा जाता है ऐतिहासिक बावड़ी लगभग 200 वर्ष पुरानी है इस बावड़ी की बनावट बहुत ही सुंदर है बैठक में सभी सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि इस बावड़ी को सुंदर बनाना है इसके लिए हमें शहर वासियों को अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर इस बावड़ी पर लगातार श्रमदान कर जन भागीदारी से इसका सौंदर्य करण किया जाए यह हमें विरासत में मिली है इनको बचाना और साफ सुथरा रखना हमारा कर्तव्य है ताकि जब भी जल समस्या हो तो इस बावड़ी का पानी उपयोग हम कर सके और आने वाले भविष्य को सुरक्षित रख सके।

कार्यक्रम के पश्चात सभी सदस्यों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ पार्षद आशीष गोड, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश सोलंकी, मेंटर्स सृष्टि शर्मा, नगर विकास प्रस्फुटन समिति से संतोष सालवी सामाजिक कार्यकर्ता ओम बड़ोदिया, निधि पारीक, मनीष गर्ग मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से सुयश गर्ग, कविता चौहान, प्रमिला बैरागी, गरिमा मालवीय, डिम्पल विश्वकर्मा जन अभियान परिषद से दशरथ नायक, राजू प्रजापति एवं कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नीमच

## एक नजर में

### जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 अंतर्गत, 18000 घन मीटर जल भराव क्षमता का अमृत सरोवर कार्य पूर्ण



**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 अंतर्गत म.न.रे.गा.अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करवाने के लक्ष्य के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव के नेतृत्व में जिले में जनपद पंचायत मनासा की ग्राम पंचायत मजिरिया में म.न.रे.गा.योजना से प्रगतिरत अमृत सरोवर तालाब का कार्य पूर्ण हुआ है। इस तालाब की लागत राशि रुपए 25 लाख है एवं इसकी जल संग्रहण क्षमता 18000 घन मीटर है। इस तालाब के निर्माण से ग्राम पंचायत मजिरिया के क्षेत्र में भू-जल रिचार्ज के साथ-साथ जैव विविधता व पशु एवं मवेशियों के लिए भी जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### संत शिरोमणी श्री सेन जी महाराज के जन्मोत्सव पर दो दिवसीय आयोजन

**रतनगढ़।** प्रथम बार श्री सेन समाज द्वारा संत शिरोमणी श्री सेन जी महाराज के 726वें जन्मोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 13 अप्रैल 2026 को यशनगर जाट के मांगलिक भवन में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर समस्त सेन समाज के तत्वावधान में लाभ मुनि चिकित्सालय, मन्दसौर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में ख्यातिप्राप्त नेत्र चिकित्सक आधुनिक कम्प्यूटरीकृत मशीनों द्वारा मोतियाबिंद की जांच करेंगे और चयनित रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जाएगा। शिविर के मुख्य अतिथि और संचालन में नंदकिशोर जी कुंडला (नीमच), दीपक जी गहलोत, मांगीलाल जी, श्याम जी टाकवाल, सुखलाल सेन, सोनू जी सेन, दिनेश जी हासपुर, चमन सेन, करण जी टाक, रमन जी गहलोत, भगवती प्रसाद जी, हिम्मत जी परमार, लखन भाटी, मुरली सेन और श्रवण सेन सहित वरिष्ठ समाजजन शामिल रहेंगे। इसके बाद, 14 अप्रैल 2026 को यशनगर जाट में प्रातः पूजा-अर्चना के पश्चात रतनगढ़ में दोपहर 3 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में रथ, प्रसिद्ध ढोल, डी.जे. और अन्य आकर्षण शामिल होंगे।

### नीमच में आज से तीन दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन

**नीमच।** म.प्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 प्रारंभ होने से समस्त शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में पठन-पाठन प्रारंभ किया गया है। निजी विद्यालयों हेतु स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) नियम-2018 एवं नियम-2020 प्रभावशील है। निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावकों को पुस्तकें, युनिफार्म, टाई, जुते, कॉपी आदि केवल चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिए औपचारिक अथवा अनोपचारिक किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जायेगा। अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं केलिए आज से तीन दिवसीय 10 से 12 अप्रैल 2026 तक जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन, शा.बा.उ.मा.वि.क्रमांक-2 नीमच में प्रातः 10-30 बजे से सायं 06-00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अशासकीय स्कूल के विद्यार्थियों की कक्षा नर्सरी से 8वी तक की निजी प्रकाशकों की किताबों पर 15 प्रतिशत (न्यूनतम) एवं कापियों पर 40 प्रतिशत (न्यूनतम) की छूट तथा स्कूल यूनीफार्म एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री विशेष छुट पर उपल्ब्ध होगी।

# प्रतापगढ़ पुलिस की गिरफ्त में नीमच के दो सट्टेबाज

**▶ 12.75 करोड़ का काला खेल उजागर, 6 गिरफ्तार**



**नीमच।** प्रतापगढ़ पुलिस की गिरफ्त में नीमच के दो सट्टेबाज, आईपीएल के सट्टेबाजों पर प्रतापगढ़ पुलिस का स्ट्राइक, 12.75 करोड़ का काला खेल उजागर, 6 गिरफ्तार नीमच (मध्य प्रदेश). जालंधर (पंजाब), गंगानगर (राजस्थान), श्रीगंगानगर (राजस्थान) और दरभंगा (बिहार) के ये नामचीन सटोरिये पकड़ाएँ अंकित डोसी के फार्म हाउस पर चल रही थी मिनी कंट्रोल रूम, पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचे पंजाब-बिहार-एमपी के शातिर सट्टेबाज प्रतापगढ़, राजस्थान की प्रतापगढ़ पुलिस ने आईपीएल सीजन के बीच ऑनलाइन सट्टेबाजी के एक बहुत बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 6 लैपटॉप, 38 मोबाइल फोन, 48 सिम कार्ड सहित भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के नेतृत्व में पुलिस की संयुक्त टीमों ने दबिश देकर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में जो खुलासा हुआ है, उसने पुलिस के भी होश उड़ा दिए हैं। पकड़े गए सट्टेबाजों के पास से करीब 12 करोड़ 75 लाख रुपये का ऑनलाइन-ऑफलाइन हिसाब-किताब मिला है। एमपी के नीमच से जुड़े हैं तार- प्रतापगढ़ में सट्टा खिलाते नीमच के दो मास्टरमाइंड गिरफ्तार नीमच प्रतापगढ़ पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई में मध्य प्रदेश के नीमच जिले का बड़ा कनेक्शन सामने आया है। गिरफ्तार 6 आरोपियों में से 2 मुख्य गुर्गे नीमच के ही रहने वाले हैं, जो राजस्थान के फार्म हाउस में बैठकर करोड़ों का दांव लगवा रहे थे।

**पकड़े गए नीमच के आरोपी** - हर्षवर्धन अग्रवाल 27 वर्ष पिता विनोद अग्रवाल, निवासी- बंगला नंबर 47, जैन कॉलोनी, नीमच थाना नीमच कैंट, पुरुषोत्तम रेगर 24 वर्ष पिता प्रेमचंद रेगर, निवासी- सेमार्डा, थाना बघाना, जिला नीमच।

**फार्म हाउस बना था सट्टे का अड्डा** -8 अप्रैल 2026 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सर्वोदया स्कूल के पास स्थित एक फार्म हाउस में आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा चलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान पहली मंजिल के हॉल में 6 युवक लैपटॉप और मोबाइल के जरिए सट्टा संचालित करते मिले। पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया गया।

**भारी मात्रा में सामान जब्त** - पुलिस ने मौके से जब्त किया 6 लैपटॉप (कीबोर्ड, माउस सहित)

38 मोबाइल फोन (सैमसंग, वनप्लस, वीवो, ओप्पो, रेडमी, आईफोन), 48 सिम कार्ड (एयरटेल, वीआई, बीएसएनएल, जिओ)

सीसीटीवी कैमरा, वाई-फाई डिवाइस, एटीएम कार्ड, आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 61(2), 112(2), आईटी एक्ट की धारा 66 डी और आरपीजीओ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**ऐसे चलता था सट्टे का**

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पिछले 10 दिनों से संगठित तरीके से ऑनलाइन सट्टा चला रहे थे। वे Star66, Diamonde&ch, Lotus, 247 और Star-777 जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए दांव लगवाते थे। ग्राहकों को आईडी-पासवर्ड देकर पैसों के बदले पॉइंट्स दिए जाते थे। सट्टे का लेन-देन टेलीग्राम, वाट्सअप और फोनपे के माध्यम से किया जाता था। जीतने पर तुरंत भुगतान भी किया जाता था।

## पालक संघ ने विद्यालय पहुंचकर 250 बच्चों को वितरित की निःशुल्क कॉपियां एवं नोटबुक

**नीमच।** पालक संघ जिला इकाई नीमच के द्वारा 9 अप्रैल 2026 को प्रातः 11-00 बजे अपने निर्धारित सेवा प्रकल्प के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीआरपीएफ नीमच कैंट पहुंचकर विद्यालय के प्राचार्य ज्ञानवर्धन श्रीवास्तव शाला स्टाफ एवं कक्षा 6 से 12 तक अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क 300 कॉपियां एवं 200 नोटबुक पालक संघ के जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा के निर्देशन में वितरण किया गया।

उक्त संबंध में जानकारी देते हुए पालक महासंघ मध्य प्रदेश जिला इकाई नीमच महिला विंग की जिला मीडिया प्रभारी श्रीमती आशा सांभर द्वारा प्रेस नोट के माध्यम बताया कि, इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चना कर प्रारंभ किया। सर्वप्रथम विद्यालय की पांच बालिकाओं को पुष्पमाला पहनाकर पालक संघ की टीम एवं विद्यालय के प्राचार्य द्वारा उन्हें निःशुल्क कॉपियां एवं नोटबुक प्रदाय किए गए। आयोजित कार्यक्रम में पालक संघ के जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा द्वारा पालक संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए निरंतर दो वर्षों से जिला मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के हितों के संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से नीमच जिला मुख्यालय पर शीघ्र बच्चों को सर्व सुविधा युक्त भवन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए सीएम राईज सांदीपनी स्कूल का निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने हेतु पिछले 1 वर्ष से निरंतर ज्ञापन आदि देकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है। शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाकर उन्हें प्रोत्साहन राशि भी विधायक निधि से प्रदान कराई जाती है।

पालक संघ जिला इकाई एवं महिला विंग जिला इकाई के बेनर तले निरंतर दो वर्षों से जिला मुख्यालय के पी एम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 नीमच कैंट परिसर में शिक्षण सत्र प्रारंभ होते ही समय पर निःशुल्क बुक एक्सचेंज मेला आयोजित कर मेले में निशुल्क कॉपियां और नोटबुक भी वितरण किये जाने का कार्य किया जा रहा है।

**एक नजर** 12 घंटे तक पाकिस्तानी इन्फेन्ट्री ब्रिगेड से कड़ा मुकाबला कर, पाकिस्तानी सेना को पीछे हटने पर विवश कर दिया

## सीआरपीएफ कैम्पस नीमच में मनाया शौर्य दिवस

**नीमच।** आज ही के दिन 09 अप्रैल 1965 को पाकिस्तानी आर्मी ने ऑपरेशन डेजर्ट हॉक चलाकर, भारतीय सीमा में रण ऑफ कच्छ (गुजरात) पर आक्रमण किया। सी.आर.पी.एफ. की द्वितीय बटालियन की महज 2 कम्पनियां सरदार एवं टॉक पोस्ट पर तैनात थीं। 09 अप्रैल 1965 को अल सुबह लगभग 03.30 बजे पाकिस्तानी सेना की पूरी ब्रिगेड ने अपनी पूर्ण सैन्य शक्ति के साथ, भारतीय पोस्ट पर हमला कर दिया। इस हमले में द्वितीय बटालियन के जवानों ने अदम्य साहस, अत्यधिक वीरता एवं बहादुरी का परिचय दिया तथा 12 घण्टे तक पाकिस्तानी इन्फेन्ट्री ब्रिगेड से कड़ा मुकाबला कर, पाकिस्तानी सेना को पीछे हटने पर विवश कर दिया।

इस युद्ध में पाकिस्तानी सेना अपनी संख्या बल एवं युद्ध साजो-सामान में बेहतर होने के बावजूद, हमारे जवानों के बुलंद हौसले, वीरता एवं साहस के सामने दोबारा हमला करने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। इस युद्ध में पाकिस्तानी सेना के 34 सैनिकों को मार गिराया गया, तथा चार को जिंदा पकड़ लिया गया। इस घटना में सी.आर.पी.एफ. के 7 जवान देश की रक्षा करते हुए शहादत को प्राप्त हुए। इसलिए भारतीय पुलिस के इतिहास में ही नहीं अपितु सैन्य युद्ध के इतिहास में, इस दिन का विशेष महत्व स्वीकारा गया है।



इसी उपलक्ष्य में, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सी.आर.पी.एफ. कैम्पस नीमच में संयुक्त रूप से शौर्य दिवस मनाया। गुरूवार को प्रातः त्रिगंजा शौर्य स्थल पर श्री प्रमोद कुमार साहू, कमाण्डेंट, ग्रुप केन्द्र, नीमच, श्री छुट्टन ठाकुर कमाण्डेंट, आर0टी0सी0, नीमच, श्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता, कमाण्डेंट, सीटीसी, नीमच, श्री हरबिन्दर सिंह, कमाण्डेंट, 4 सिग्नल बटालियन, डॉक्टर संस्तृति शर्मा, विशेष चिकित्सा अधिकारी (कमाण्डेंट), सीएच, नीमच तथा कैम्पस स्थित अन्य सभी संस्थानों से वरिष्ठ अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारीयों एवं कार्मिकों ने अमर वीर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित किए। तदुपरान्त क्वार्टर गार्ड पर 'रण ऑफ कच्छ' से लाई गई परम पावन माटी से भरे पवित्र कलश पर माल्यार्पण कर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसी क्रम में ग्रुप केन्द्र, नीमच के मेंस क्लब में श्री प्रमोद कुमार साहू की अध्यक्षता में विशेष सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया तथा शौर्य दिवस की महत्वता व इतिहास से सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को अवगत कराया गया एवं इस अवसर पर ग्रुप केन्द्र, नीमच के 05 कार्मिकों को उनके सराहनीय कार्य प्रदर्शन के लिए डीजी डिस्क व प्रशांसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।